जातीय समानता के प्रोत्साहन के लिए मौजूदा और नियोजित उपाय

निर्माण उद्योग परिषद

निर्माण उद्योग परिषद (जिसको नीचे "CIC" कहा गया है) के प्रमुख कार्य लंबी-अवधि की रणनीतिक समस्याओं के लिए सर्वसम्मति विकसित करना, सरकार को उद्योग की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के बारे में बताना, और साथ ही सरकार के लिए एक सूचना चैनल प्रदान करना है तांकि सभी निर्माण-संबंधित मामलों पर सलाह माँगी जा सके। समस्त उद्योग में सुधार करने के लिए, CIC आचार संहिताओं को बनाने, पंजीकरण और रेटिंग स्कीमों का प्रबंध करने, अग्रसर खोज और मानवशक्ति विकास का मार्गदर्शन करने, निर्माण मापदंडों के स्वीकरण को सुविधाजनक बनाने, अच्छे अभ्यासों का प्रचार करने और प्रदर्शन संकेतकों को एकत्रित करने के लिए सशक्त है।

CIC ने सालाना पूर्ण-कालिक प्रोग्रामों, अंश-कालिक प्रोग्रामों और सहयोगपूर्ण प्रशिक्षण स्कीमों के माध्यम से भिन्न-भिन्न नस्लों के कर्मचारियों के सहित लगभग 80 000 निर्माण पेशेवरों को प्रशिक्षित किया। साथ ही, CIC निर्माण पेशेवरों को ट्रेड जाँचें भी प्रदान करता है (सिविल और इमारत निर्माण ट्रेड जाँचों, निर्माण-संबंधित इलेक्ट्रीकल और मिकेनीकल ट्रेड जाँचों और मशीनों और क्रेन संचालनों की प्रमाणीकरण जाँचों के सहित) ।

संबंधित सेवाएँ

- CIC एक ऐसा कार्य-क्षेत्र और निर्वाह वातावरण बनाने के लिए वचनबद्ध है जो समान अवसर प्रदान करता हो, और अपने सभी कर्मचारियों, प्रशिक्षार्थियों, मुलाकातकर्ताओं और जनता के लिए किसी भी भेदभाव, उत्पीड़न और मानहानि से मुक्त हो।
- निर्माण उद्योग परिषद अध्यादेश के खंड 29 के तहत, CIC ने निर्माण उद्योग के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और ट्रेड जाँच सेवाएँ प्रदान करने के लिए "निर्माण उद्योग प्रशिक्षण बोर्ड" को स्थापित किया।

मौजूदा उपाय

<u>नीति</u>

- CIC ने अपनी समान अवसर नीति को विकसित किया तांकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी कर्मचारी

CIC के किसी अन्य कर्मचारी, विद्यार्थियों, मुलाकातकर्ताओं, या किसी CIC सेवा उपभोक्ताओं के साथ भेदभाव, उनका उत्पीड़न या उनकी मानहानि नहीं करेगे। इस समान अवसर नीति का प्रचार CIC द्वारा किया गया था और इसे CIC के समस्त स्टाफ को जारी किया गया था।

<u>स्टाफ प्रशिक्षण</u>

- CIC अपनी समान अवसर नीति का अनुसरण करने के लिए दोनों फ्रंट लाइन स्टाफ और प्रबंधकीय स्टाफ को समान अवसरों पर नियमित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का प्रबंध करता है। समान अवसर कमिशन (EOC) के प्रतिनिधि CIC के स्टाफ के साथ व्यवसायिक प्रशिक्षण के साथ संबंधित क्षेत्रों पर केंद्रित जाति भेदभाव अध्यादेश को सांझा करेंगे।

<u>भिन्न-भिन्न नस्लों के लोगों के लिए प्रशिक्षण और ट्रेड जाँच सेवाएँ</u>

- CIC वर्तमान में अंग्रेज़ी भाषा में 3 पूर्ण-कालिक संक्षिप्त पाठ्यक्रम प्रदान करता है तांकि निर्माण उद्योग में कैरियर बनाने के चाहवान प्रशिक्षार्थियों को विशेष कारीगरी कौशल के साथ लैस कर सके। विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान रोज़ाना भत्ते दिए जाएँगे। सेवाओं में और अधिक वृद्धि करने के लिए, CIC प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के वितरण में सहायता करने हेतु अतिरिक्त अनुवादकों को नियुक्त करेगी।

- CIC वर्तमान में अंग्रेज़ी भाषा में 16 अंश-कालिक सुरक्षा-संबंधित पाठ्यक्रम प्रदान करता है, तांकि चीनी भाषा ना बोलने वाले सेवा में नियुक्त निर्माण पेशेवरों में सुरक्षा की जागरुकता को बढ़ाया जा सके।

- CIC ने 2015 में पंजीकृत सामान्य कर्मचारियों को प्रासंगिक ट्रेडों के लिए पंजीकृत अर्द्ध-कौशल कर्मचारी बनने के लिए "नस्ली अल्प-संख्यकों के लिए कौशल वृद्धि पाठ्यक्रम" के तहत 5 अंश-कालिक पाठ्यक्रमों

की शुरुआत की।

- अधिकांश ट्रेड जाँचों और मशीनों और क्रेन संचालन के लिए प्रमाणीकरण जाँचों के लिए अंग्रेजी के टेस्ट पेपर उपलब्ध हैं। CIC जाँच के दौरान उम्मीदवारों को अनुवादकों (CIC द्वारा व्यवस्थित) के साथ जाने की अनुमति भी देता है।

<u>प्रचारात्मक गतिविधियाँ</u>

- CIC आयोजित किए प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों और ट्रेड जाँचों में भाग लेने के लिए भिन्न-भिन्न नस्लों के लोगों को आकर्षित करने के लिए निम्नलिखित प्रचारात्मक गतिविधियों का संचालन करता है:
    - सेवा में नियुक्त भिन्न-भिन्न नस्लों के पेशवरों के पास नियमित विज़िटें;
    - भिन्न-भिन्न नस्लों के लोगों की सेवा करने वाली संस्थाओं और उनके निरंतर संपर्क में रहने वाले मीडिया चैनलों के माध्यम से नस्ली अल्प-संख्यकों के लिए सहायक गतिविधियाँ; और
    - निर्माण उद्योग के प्रति भिन्न-भिन्न नस्लों के लोगों की समझ बढ़ाने के लिए अनुभव कार्यक्रम, जैसे कैरियर बात-चीत, कार्निवल और नौकरी सुमेल के आयोजन और परिवार के मनोरंजन के दिन;

- CIC ने लिबरल स्टडीज़ के लिए अंग्रेज़ी शिक्षण सामग्री विकसित की। CIC भिन्न-भिन्न नस्लों के लोगों की सेवा करने वाले प्रासंगिक माध्यमिक स्कूलों और गैर-सरकारी संगठनों के साथ सहयोग करता है तांकि उनके छात्रों को निर्माण उद्योग की अधिक गहन समझ हो।

<u>नस्ली अल्प-संख्यक सेवा दल</u>

- भिन्न-भिन्न नस्लों के पेशेवरों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, CIC ने भिन्न-भिन्न नस्लों के लोगों के लिए अपनी

सेवाओं और समर्थन को बढ़ाने के लिए नस्ली अल्प-संख्यक सेवा दल की स्थापना की, जिसमें निम्न शामिल हैं:

- CIC सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए संबंधित संगठनों और समुदायों का नियमित दौरा करना;
- भिन्न-भिन्न नस्लों के लोगों द्वरा इस्तेमाल की जाने वाली भाषाओं में ट्रेड जाँच के मॉक टेस्ट पेपर का अनुवाद करना;
- उम्मीदवारों और विद्यार्थियों को व्याख्या और अनुवाद सेवाएं प्रदान करना; और
- CIC सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियों को आयोजित करना और इनमें भागीदारी करना।

भविष्य के कार्य का मूल्यांकन

- CIC प्रत्येक वर्ष अपनी सामान अवसर नीति की समीक्षा करता है।
- CIC अपने स्टाफ और विद्यार्थियों को जातीय समानता के संबंध में उनकी जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए उन्हें सबसे अद्यतन जानकारी प्रदान करना जारी रखेगा।
- CIC उपरोक्त पाठ्यक्रमों की माँग और प्रभावकारिता को निरीक्षण अधीन रखेगा।
- CIC निर्माण प्रशिक्षण और ट्रेड जाँच के संबंध में मौजूदा उपायों और समर्थन सेवाओं के संबंध में भिन्न-भिन्न नस्लों के लोगों से राय लेना जारी रखेगा, और उनकी आवश्यकताओं के जवाब में पाठ्यक्रम और सेवाएं विकसित करेगा।

लिए गए/लिए जाने वाले अतिरिक्त उपाय

<u>पाठ्यक्रमों और ट्रेड जाँचों के नियम</u>

- CIC भविष्य में माँग उत्पन्न होने पर अंग्रेज़ी भाषा में अन्य उपयुक्त पाठ्यक्रमों और ट्रेड जाँचों की पेशकश करने पर विचार करेगा।

भिन्न-भिन्न नस्लों के लोगों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषाओं में ट्रेड जाँच पेपर

- उन ट्रेडों के लिए तीन भाषाओं (अर्थात नेपाली, हिंदी और उर्दू) में ट्रेड जाँच पेपर प्रदान करने के लिए पायलट स्कीम लॉन्च करें जो नस्ली अल्प-संख्यकों में अधिक लोकप्रिय हैं। CIC इन तीन उल्लिखित भाषाओं में अन्य जाँच पेपरों का अनुवाद करने पर विचार करेगा।

निर्माण में जातीय अल्पसंख्यकों पर उप-समिति

- CIC ने विभिन्न जातियों के लोगों के बीच निर्माण उद्योग को बढ़ावा देने और CIC सेवाओं को लगातार बढ़ाने के लिए निर्माण में नस्लीय अल्पसंख्यकों पर एक उप-समिति का गठन किया है।

नस्ली समानता को बढ़ावा देने के मौजूदा और नियोजित उपायों से संबंधित पूछताछ के लिए, कृपया कार्यालय प्रभारी से संपर्क करें:

टेलीफोन संख्या	:	(852) 2100 9000
संपर्क	:	Ms. Carol Chan जातीय अल्पसंख्यक सेवा दल
फेक्स संख्या	:	(852) 2100 9249
ईमेल	:	emservice@cic.hk
डाक पता	:	38/F, COS Centre, 56 Tsun Yip Street, Kwun Tong, Kowloon, Hong Kong.

निर्माण उद्योग परिषद

जुलाई 2022